**भारत सरकार**
**श्रम और रोजगार मंत्रालय**
**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 1048**
**सोमवार, 29 जुलाई, 2024/ 7 श्रावण, 1946 (शक)**

**रोजगार सृजन सर्वेक्षण**

**1048. श्री खगेन मुर्मु:**
**श्री रवीन्द्र शुक्ला उर्फ रवि किशन:**

क्या **श्रम और रोजगार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार देश में विभिन्न संस्थानों में रोजगार सृजन का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण करा रही है;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या सरकार प्रवासियों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का पता लगाने के लिए कोई सर्वेक्षण करा रही है; और
(घ) यदि हां, तो उक्त सर्वेक्षणों के परिणाम कब तक सार्वजनिक किए जाने की संभावना है?

**उत्तर**
**श्रम और रोजगार राज्य मंत्री**
**(सुश्री शोभा करांदलाजे)**

(क) से (घ): रोजगार और बेरोजगारी संबंधी डाटा आवधिक श्रम बल सर्वेक्षण (पीएलएफएस) के माध्यम से एकत्र किया जाता है जो वर्ष 2017-18 से सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय (एमओएसपीआई) द्वारा संचालित किया जाता है। सर्वेक्षण की अवधि प्रत्येक वर्ष जुलाई से जून तक होती है। नवीनतम उपलब्ध वार्षिक पीएलएफएस रिपोर्ट के अनुसार, 15 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्तियों के लिये सामान्य स्थिति में कामगार जनसंख्या अनुपात (डब्ल्यूपीआर) वर्ष 2017-18 के 46.8% से बढ़कर वर्ष 2022-23 में 56% हो गया।

श्रम और रोजगार मंत्रालय के एक संबद्ध कार्यालय, श्रम ब्यूरो ने प्रवासी कामगारों पर अखिल भारतीय सर्वेक्षण कराया है। सर्वेक्षण का फील्ड (क्षेत्र स्तरीय) कार्य पूरा हो चुका है।

*****